हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 25 जनवरी 2026

10 दो पहिया और कार चालकों को सरेराह दी समझाइश





## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर बालागुरू के. करेंगे ध्वजारोहण

**सीहोर।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी संशोधित सूची अनुसार कलेक्टर बालागुरू के. 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीहोर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे।

### गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल का किया निरीक्षण

**सीहोर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिला स्तरीय समारोह सीहोर स्थित पुलिस परेड ग्रांउड पर आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह एवं एडिशनल एसपी सुनीता रावत ने समारोह स्थल पहुंचकर समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने समारोह स्थल की व्यवस्थाओं के निरीक्षण के साथ ही परेड की फाइनल रिर्हसल भी देखी और ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप ध्वजारोहण करेंगे। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर आज

**सीहोर।** रेडक्रास सोसाइटी द्वारा 25 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे सीहोर के पावर हाउस चौराहा स्थित मोदी मांगलिक भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। रेडक्रास सोसाइटी के सचिव विपुल चांडक ने बताया कि इस शिविर में रक्तदान के लिए आमजन सहभागिता कर सकते हैं।

### पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण संपन्न

**सीहोर।** सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण दो बैचों में संचालित किया गया, जिसमें एमएस ऑफिस एवं गूगल टूल्स विषय पर विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं रोजगार उपयोगी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्राचार्य डॉ. रोहिताश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में ट्रेनर जितेंद्र शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को एमएस ऑफिस एवं गूगल टूल्स का गहन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल दक्षताओं से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भरता एवं रोजगार के बेहतर अवसरों हेतु तैयार करना था। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और पोस्टर प्रस्तुति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### नीलकंठ नर्मदा तट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

# नर्मदा जयंती पर आज ओढ़ाई जाएगी 1100 मीटर की चुनरी, होगी भजन संध्या व महाआरती

**नर्मदा जयंती के कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों के साथ होगी। सुबह 9 बजे नगर के छोटे बाजार से नर्मदा भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा दंडवत परिक्रमा करते हुए यात्रा निकाली जाएगी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





मां नर्मदा जन्म जयंती के पावन अवसर पर रविवार को नगर भैरूंदा में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का भव्य संगम देखने को मिलेगा। नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य में प्रसिद्ध नीलकंठ नर्मदा तट पर विशाल चुनरी यात्रा, भजन संध्या, दीपदान, महाआरती एवं प्रसादी वितरण जैसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा मां नर्मदा को 1100 मीटर लंबी चुनरी ओढ़ाई जाएगी। आयोजन को लेकर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है और हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

नर्मदा जयंती के कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों के साथ होगी। सुबह 9 बजे नगर के छोटे बाजार से नर्मदा भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा दंडवत परिक्रमा करते हुए यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नीलकंठ नर्मदा घाट पहुंचेगी। घाट पर मां नर्मदा के जल का दूध से अभिषेक किया जाएगा, साथ ही विधिवत श्रृंगार एवं हवन-यज्ञ का आयोजन होगा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालु मां नर्मदा की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। दोपहर बाद शाम 4 बजे सिंगाजी मंदिर परिसर में प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके माध्यम से नर्मदा जयंती के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया जाएगा। इसके पश्चात शाम 4.30 बजे सिंगाजी मंदिर परिसर से भव्य विशाल चुनरी यात्रा प्रारंभ होगी। श्रद्धालुओं द्वारा मां नर्मदा की जयघोष के साथ निकाली जाने वाली यह यात्रा नगर भ्रमण करते हुए नीलकंठ नर्मदा तट पहुंचेगी, जहां श्रद्धा और भक्ति के साथ मां नर्मदा को 1100 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी। चुनरी अर्पण के पश्चात धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला प्रारंभ होगा। भजन गायकों की सुमधुर प्रस्तुतियों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। शाम 5.30 बजे नर्मदा भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा दीपदान एवं भव्य महाआरती की जाएगी। महाआरती के समापन के बाद प्रसादी वितरण किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता करेंगे।।

इधर नर्मदा जयंती के आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। शनिवार को एसडीओपी रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी, एसआई पूजा राजपूत सहित अन्य अधिकारियों ने नीलकंठ नर्मदा घाट पहुंचकर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच संतोष वर्मा एवं ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए नीलकंठ घाट एवं आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल, होमगार्ड और गोताखोरों की तैनाती की गई है।

घाट क्षेत्र में सतत निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि नीलकंठ घाट नर्मदा जयंती के अवसर पर श्रद्धालुओं का प्रमुख केंद्र रहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, जल सुरक्षा और प्राथमिक चिकित्सा की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन में सहभागिता करने की अपील की है।

## स्वामी विवेकानंद कॉलेज में वार्षिकोत्सव उमंग 2025-26 का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




स्वामी विवेकानन्द कॉलेज के वार्षिकोत्सव उमंग 2025-26 का समापन रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम का आंरभ संचालक के द्वारा माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वल्लित करके किया गया। इसके उपरान्त इस वर्ष का बेस्ट स्टूडेन्ट ऑफ द ईयर का पुरूस्कार रानी राठौर को दिया गया। सर्वप्रथम वार्षिकोत्सव के अन्तर्गत जो प्रतियोगिताएँ सम्पन्न कराई गई एवं वर्षभर की आकादमिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद की प्रतियोगिताओं का पुरुस्कार वितरण संचालक हरीश राठौर द्वारा किया गया। इसके बाद छात्र/छात्राओं के द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियों दी। इसी कड़ी में व्यक्तित्व विकास प्रतियोगिता सम्पन्न की गई। इस हेतु निर्णनायक रूप में प्रदीप नागिया एवं नेहा राठौर, एनी जैन, जागृति लोधी व्यतित्व विकास प्रतियोगिता समस्त परिवेशो में आकर्षक प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के अंत में अपना निर्णय दिया। जिसमें मिस्टर एस.वी. का एवं नेहा राठौर उपस्थित रहे। छात्र/छात्राओं ने सभी निर्णायक समिति ने खिताब रिषभ सोनी और मिस एस.वी. का खिताब योगिता लोधी को दिया गया। सभी छात्र/छात्राओं को संचालक हरीश राठौर एवं प्राचार्य योगेश शर्मा द्वारा बधाई दी गई। कार्यक्रम सफल संचालन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. नितिका माहेश्वरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

## बसंत पंचमी पर संस्कार केंद्र में सरस्वती पूजन बच्चों को दिए संस्कार व अनुशासन के संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



बसंत पंचमी के पावन अवसर पर नगर स्थित संस्कार केंद्र में माँ सरस्वती की आराधना एवं पूजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने विधिवत पूजन कर ज्ञान, बुद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बसंत पंचमी को ज्ञान, विद्या, कला और संस्कारों का पर्व बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि माँ सरस्वती की कृपा से बच्चों में सीखने की जिज्ञासा, एकाग्रता और सद्बुद्धि का विकास होता है।

कार्यक्रम में खंड संघ चालक ब्रजमोहन जी गौड ने बच्चों को माँ सरस्वती के महत्व को सरल व प्रेरणादायी शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजन केवल परंपरा नहीं, बल्कि ज्ञान को जीवन में उतारने का संकल्प है। पूजा श्रद्धा, शुद्धता और अनुशासन के साथ करने पर ही उसका वास्तविक फल प्राप्त होता है। वहीं सेवा भारती नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अच्छे संस्कार ही बच्चे को सच्चा मानव बनाते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ बड़ों का सम्मान, सत्य भाषण, समय का पालन और समाज के प्रति कर्तव्य भावना आवश्यक है।

नगर उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी ने बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और ध्यान-योग का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन निरंतर अध्ययन और ध्यान-योग से स्मरण शक्ति बढ़ती है और जीवन में सफलता के मार्ग प्रशस्त होते हैं। कार्यक्रम के अंत में माँ सरस्वती से सभी बच्चों के लिए विद्या, विवेक और सद्मार्ग प्रदान करने की प्रार्थना की गई। बसंत पंचमी का यह आयोजन बच्चों के जीवन में शिक्षा, संस्कार और साधना के बीज बोने वाला सिद्ध हुआ।

### जिले के अनेक ग्रामों में पहुंचा कृषि रथ, किसानों को किया जागरुक



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार कृषि वर्ष 2026 के तहत किसानों को कृषि से जुड़ी नवीन तकनीक, योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में भी कृषि रथ संचालित किया जा रहा है। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, उन्नत बीज एवं कीट-रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, कृषि आधारित उद्यमिता, ई-तकनीक से जुड़ी योजनाएं तथा पराली प्रबंधन जैसी जानकारियां दी जा रही है। इसी क्रम में यह कृषि रथ यात्रा 24 जनवरी को सीहोर जनपद के ग्राम निवारिया, घाटपलासी एवं सोनथी, आष्टा जनपद के ग्राम डाबरी, लोरास खुर्द, बुधनी जनपद के ग्राम देवगांव और भैरूंदा जनपद के ग्राम सेमलपानी कदीम पहुँची। ग्राम पंचायत डाबरी, देवगांव, लोरास और सेमलपानी में किसान सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को सूक्ष्म सिंचाई योजनांतर्गत स्प्रिंकलर एवं पाइप लाइन के लाभ और उनकी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कृषि यंत्रों जैसे पावर स्प्रे एवं कुटी मशीन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया से किसानों को अवगत कराया गया। इस दौरान नरवाई प्रबंधन के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका के बारे में भी किसानों को जागरूक किया गया।

## पाले की चेतावनी, फसलों को पाले से बचाने सलाहः हल्की सिंचाई करने पर जोर, मावठे की बारिश की संभावना

**सीहोर।** जिले में न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव के बीच मावठे की बारिश की संभावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के बाद, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग ने किसानों व आम जनता के लिए सलाह जारी की है। वर्तमान मौसम परिवर्तन को देखते हुए किसानों को शीतलहर और तुषार (पाला) से फसलों को बचाने की सलाह दी गई है। विशेष रूप से सब्जी, चना, सरसों और टमाटर जैसी अति संवेदनशील फसलों के लिए एहतियाती कदम उठाने को कहा गया है। शनिवार जिले का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कल यह 10 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में मावठे की बारिश होने की आशंका जताई है।

**धुआं, हल्की सिंचाई करने की सलाह :** किसानों को सलाह दी गई है कि शाम के समय खेत के उत्तर-पश्चिम दिशा में धुआं करें। सिंचाई की आवश्यकता होने पर खेतों में हल्की सिंचाई करें। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक ने बताया कि पाला पड़ने की संभावना पर फसलों में हल्की सिंचाई के साथ-साथ सल्फर 80 प्रतिशत की 500 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें। खेतों में खरपतवार होने पर निराई-गुड़ाई करवाएं, जिससे फसलों को पर्याप्त वायु और प्रकाश मिल सके और वे प्रतिकूल मौसम से सुरक्षित रहें।

मौसम में उतार-चढ़ाव को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी एडवाइजरी जारी की है। इसमें मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए जिले में निरंतर जन-जागरूकता अभियान चलाने की बात कही गई है। मलेरिया, जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है, मच्छर जनित बीमारियों में सबसे प्रचलित है। ठंड लगकर बुखार आना इसका प्रमुख लक्षण है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मलेरिया की जांच और दवाएं सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निशुल्क उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, आशा कार्यकर्ताओं से संपर्क कर भी जांच करवाई जा सकती है।




### नपा के तत्वावधान में आयोजित होगा 7 फरवरी को कार्यक्रम

# तारक मेहता का उलटा चश्मा सीरियल की अंजली भाभी प्रतिभाओं का करेंगी सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



किसी भी नगर का विकास सही मायनों में तभी हो सकता है, जब उस नगर की प्रतिभाओं को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाये। प्रतिभाओं के सम्मान से अन्य वर्गों के लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। हमारे यहां पर आध्यतम का क्षेत्र, उद्योग का क्षेत्र, खेल, शिक्षा, सामाजिक गतिविधियों के अलावा अन्य क्षेत्र ऐसे है जिनमें अनेक प्रतिभाओं ने हमारे क्षेत्र का नाम रोशन विश्व पटल पर दर्ज किया है, ऐसी प्रतिभाओं को मंच से सम्मान देने के लिए नगर पालिका के तत्वाधान में सात फरवरी को भव्य रूप से प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इसको लेकर गत दिनों बैठक का आयोजन किया गया था। सम्मान कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सेलिब्रिटी नेहा मेहता के द्वारा किया जाएगा। नेहा मेहता भारतीय अभिनेत्री हैं। यह मुख्यतः तारक मेहता का उल्टा चश्मा में अंजलि मेहता के किरदार के लिए जानी जाती हैं। आगामी सात फरवरी को शहर के बाल विहार मैदान पर शाम को छह बजे भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहाकि नगर पालिका परिषद के द्वारा शहर के सभी वार्डों में तेजी से विकास कार्य किया जा रहा है। हमारा शहर स्वच्छता के मामले में प्रदेश की नगर पालिका में अव्वल है और यहां पर रहने वाले सभी लोग अपनी जिम्मेदारियों के साथ परिषद को सहयोग कर रहे है। कई लोग नगर के लिए प्रेरणा बन चुके है।

ऐसे कई लोग है जो समाज में सराहनीय कार्य करते हुए आ रहे है, नगर पालिका परिषद कला, साहित्य, शिक्षा, समाजसेवी संगठनों के अलावा खेल सहित अन्य क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाओं का सम्मान करना चाहती है। इसके लिए आपके सुझाव और रुपरेखा बनाने के लिए इस बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

### पर्यावरण और स्वच्छता के क्षेत्र में अनेक संगठन सक्रिय

नपाध्यक्ष राठौर हमारे नगर में अनेक समाज और संगठन ऐसे है जो पर्यावरण और स्वच्छता के कार्य में लगे रहते है, प्रतिभाओं का सम्मान नगर की प्रगति का आधार है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे आयोजन ऐसे कार्य करने वालों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। सामाजिक समरसता को एक समृद्ध और स्वच्छता के लिए आवश्यक बताते हुए सभी वर्गों से नगर के विकास में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

### सेलिब्रिटी, संत और जनप्रतिनिधि रहेंगे शामिल

आगामी सात फरवरी को होने वाले सम्मान समारोह के लिए सेलिब्रिटी, संत और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने कहा कि सोशल मीडिया सहित अन्य के माध्यम से क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वालों को आमंत्रित कर भव्य रूप से मंच से प्रतिभा सम्मान किया जाएगा।


मां नर्मदा के
प्रकटोत्सव
व गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
सौजन्य: लोकेश यादव, मंडी मां नर्मदा रोड लाइंस
एवं पितृ छत्रा भाग्य श्री फिलिंग पेट्रोल पंप


गणतंत्र दिवस
की आप सभी को हार्दिक
शुभकामनाएं
नमामी
नर्मदे
हर-हर...
अपने जल से धरती को
पावन करने वाली
नर्मदा माता की जन्म जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीराम इंटरप्राइजेश, भैरुंदा


गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
मां नर्मदा के
प्रकटोत्सव
की हार्दिक
शुभकामनाएं
सौजन्य: नीतीश यादव रेत,
मुरम, मिट्टी सप्लायर भैरुंदा,
मो. 9926392442


मां नर्मदा
के प्रकटोत्सव की शुभकामनाएं
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्य: दिनेश कुशवाह छिदगांव काछी


मां नर्मदा
की जन्म जयंती की शुभकामनाएं
नमामी देवी नर्मदे...
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
मां नर्मदा कंस्ट्रक्शन, भैरुंदा


शुद्ध है इनका जल
बहना है कल-कल
जो भी इसमें नहाएं
वह हो जाए निर्मल
मां नर्मदा की जन्म जयंती
व गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
लखपति केवट
सप्लायर


श्री नर्मदा जयंती महोत्सव
डा.स्वामी कृष्णशरण जी महाराज के
मुखारविंद से प्रवचन
नर्मदा जयंती कार्यक्रम
25 जनवरी 2026 रविवार माघ सुदी 7
चुनरी यात्रा - सांय 5 बजे
दीपदान एवं महा आरती - सांय 7 बजे
विशाल भंडारा - सांय 7.30 बजे से 9 तक
स्थान - मेन घाट ,ग्राम मंडी
पं. केदारप्रसादजी शर्मा
मण्डी
श्रीमान पं. गुरूप्रसादजी शर्मा
पूर्व अध्यक्ष
वन विकास निगम
विनीत : शर्मा परिवार ग्राम मण्डी


समस्त देशवासियो को
मॉ नर्मदा जन्मोत्सव एवं
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सौजन्य- एक शुभेच्छू


समस्त देशवासियो को
मॉ नर्मदा जन्मोत्सव एवं
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सौजन्य – एक शुभेच्छु, गोपालपुर जिला सीहोर म.प्र.


26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सौजन्य – एक शुभेच्छु, लाड़कुई जिला सीहोर म.प्र.

## खबर संक्षेप

### सीहोर जिला बालक वर्ग में रहा उपविजेता

**आष्टा।** भोपाल में टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित संभाग स्तरीय खेलों एम पी युथ प्रतियोगिता में जिला सीहोर वॉलीबॉल बालक वर्ग ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विदिशा, रायसेन के हरा कर फाइनल में भोपाल से संघर्ष पूर्ण मुकाबलां करते हुए दूसरा स्थान प्रात किया। जिला सीहोर की टीम में बुधनी,भेरूदा,आष्टा, इछावर के बालक चयनित बालक /बालिका खिलाड़ियों ने आपसी तालमेल के साथ अपने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्श किया वही भेरूदा के लक्ष यादव, दिशा तिवारी, यश राज ठाकुर सृजन बॉडिंग आष्टा ने अपने खेल का सराहनीय प्रदर्शन किया , आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन के लिया अपनी दावेदारी प्रस्तुत किए। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन में कोच सुनील कुमार तिवारी का मार्गदर्शन भी सराहनीय रहा। पूरी टीम को एक साथ आपसी तालमेल और उन के खेल कौशल के अनुसार प्रदर्शन करना ही एक अच्छे खेल प्रशिक्षक के पहचान है,वही प्रतियोगिता सम्पन्न पर संतोष सिंह राजपूत डीएसओ, सीहोर डीएसओ मैडम मयूर श्रीवास्तव मुख्य कोच भोपाल, संतोष चतुर्वेदी जनरल सचिव विदिशा, प्रमोद कुशवाहा सीहोर, सीता राम खेल बुधनी, जितेंद्र वर्मा सीहोर खेल समन्वयक द्वारा पुरस्कार वितरण कर खिलाड़ियों को बधाई ओर शुभकामनाएं दी। पुरस्कार वितरण पश्चात खिलाड़ी खेल मंत्री विश्वास सारंग जी से उन के कार्यालय जा कर रितेश यादव भेरूदा जी के सौजन्य से भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया,मंत्री जी ने सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर बधाई दी।

### पढ़ाई से पहले छात्रों से झाड़ू लगवाने वाले प्रभारी प्राचार्य को थमाया नोटिस

# विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने मामले में लिया संज्ञान, दो दिन में मांगा जवाब

शिक्षकों की मौजूदगी में बच्चियां झाड़ू लेकर साफ सफाई? पत्राचार ही होगा या फिर सुधरेंगी स्कूल की व्यवस्था।

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

आष्टा विकासखंड में आने वाले शासकीय स्कूलों में बच्चों को झाड़ू और सफाई करते आसानी से देखा जा सकता हैं और यह सब जिम्मेदारों की मौजूदगी में ही होता है, ऐसा ही मामला शासकीय हाई स्कूल निपानिया कला का फोटो हरिभूमि के कैमरे में कैद हुआ ,इसका समाचार हरिभूमि ने 23 जनवरी के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने पत्र जारी कर कारण बताओ पत्र जवाब मांगा है।




### शिक्षा विभाग इस मामले पर पत्राचार ही करेंगे या रस्म अदायगी?

बड़ा सवाल शिक्षा विभाग पर उठ रहा है कि जब मोटी तनख्वाह में शिक्षक प्रति माह अपनी तनख्वाह लेते हैं और बच्चों को शिक्षा देते हैं, शासकीय स्कूलों में बच्चों से साफ सफाई का काम करवाते हैं, स्कूलों में सफाई कर्मचारी और पियून की व्यवस्था न होना क्या शिक्षक मिलकर मोटी तनख्वाह ले सकते हैं बाकी मिलकर सफाई कर्मचारी अलग से नहीं रख सकते? बच्चों से झाड़ू लगवाने अपराधिकृत है ऐसे शिक्षकों पर कार्रवाई होना चाहिए? शिक्षा विभाग इस मामले पर पत्राचार ही करेंगे या रस्म अदायगी करके फाइलों में दबा दिया जाए का? अब देखना होगा दो दिवस के बाद शिक्षा अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं?

### बच्चे शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं, ना कि स्कूल में झाड़ू लगाने जाते है

इसके बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी सलोनी शर्मा ने उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए शासकीय हाई स्कूल


शासकीय हाई स्कूल निपानिया कला में बच्चों को लगाना पड़ रहा झाड़ू
भविष्य के साथ कर रहे खिलवाड़ः बच्चों के हाथ में कलम की जगह पकडा रहे झाड़ू
स्कूल के बच्चे आए दिन पढ़ाई शुरू करने से पहले करते है साफ-सफाई।
हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी
शिक्षा पर करोड़ों रुपए का बजट खर्च किया जाता फिर भी हाल-बेहाल
शिक्षकों की मौजूदगी में छात्राएं झाड़ू से लेकर साफ-सफाई तक करती हैं
स्कूल में नहीं है पियून सप्ताह में एक बार आता है सफाई कर्मचारी
जांच करवाती हूं: सलोनी शर्मा

निपानिया कला के प्रभारी प्राचार्य वीके शर्मा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है तथा दो कार्य दिवस में जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। गौरतलब है कि आष्टा विकासखंड में संचालित हो रहे शासकीय स्कूलों में पदस्थ चपरासियों को अन्य जगहों पर कई सालों से व्यवस्था के नाम पर अटैच कर रखा है जिन्हें आज तक कार्य मुक्त भी



नहीं किया जा रहा है। इसके चलते स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र और शिक्षक परेशान है ग्रामीणों ने शीघ्र ही अन्य जगहों पर अटैच चपरासियों को मूल संस्था में भेजने की मांग की है। और ग्रामीणों को कहना है कि बच्चों से झाड़ू लगवाने गलत काम है ऐसे शिक्षक पर कार्रवाई होना चाहिए। बच्चे शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं स्कूल ना की झाड़ू पोछा करना शिक्षा विभाग को इस और ध्यान देना चाहिए।

### कारण बताओ पत्र भेजा है

विकासखंड शिक्षा अधिकारी सलोनी शर्मा से जब बात की गई तो उनका कहना है कि खबर प्रकाशित होने के तुरंत बाद हमने कारण बताओ पत्र दिया है अगर जवाब दो दिवस में नहीं दिया तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बच्चों से झाड़ू लगवाने अपराधिकृत है ऐसा नहीं होना चाहिए।


**सलोनी शर्मा,** बीईओ

# दो पहिया और कार चालकों को सरेराह दी समझाइश

### सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

37 वें सड़क सुरक्षा माह–2026 के अंतर्गत डीबीसीपीएल सीएसआर प्रशासन द्वारा अमलहा टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम अमलहा चौकी प्रभारी प्रेम सिंह ठाकुर और पुलिस बल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर टोल प्लाजा से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों और कार चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन, हेलमेट के साथ सीट बेल्ट के उपयोग, नियंत्रित गति और अनुशासित ड्राइविंग के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही, नियम पालन के लाभों और मानव जीवन के अमूल्य महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। अभियान के दौरान वाहनों पर रिफ्लेक्टिव रेडियम स्टिकर लगाए गए, सड़क सुरक्षा संबंधी पर्चों का वितरण किया गया तथा वाहन चालकों से सुरक्षित एवं जिम्मेदार ड्राइविंग की प्रतिबद्धता भी ली गई।डीबीसीपीएल (वर्टिस) का यह प्रयास केवल जागरूकता तक सीमित न रहकर, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित सड़कों के निर्माण की दिशा में एक ठोस कदम साबित हो रहा है। यह पहल समाज में सुरक्षित, जागरूक और जिम्मेदार ड्राइविंग संस्कृति को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**सीहोर।** चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में प्राचार्य डॉ. रोहिताश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में दिनांक 24 जनवरी 2026 को अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। यह प्रशिक्षण योजना क्रमांक 7851 के अंतर्गत दो बैचों में संचालित किया गया] जिसमें एमएस ऑफिस एवं गूगल टूल्स विषय पर विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं रोजगार उपयोगी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. हुमा अख्तर द्वारा किया।

# कुमड़ावदा में 25 लाख से बनेगा मांगलिक भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के लगातार किए जा रहे प्रयासों से आष्टा विधानसभा क्षेत्र को विकास की कई सौगातें प्राप्त हो रही है। इसी कड़ी में लगातार किए गए प्रयासों से मध्य प्रदेश शासन द्वारा आष्टा विधानसभा क्षेत्र के 54 ग्रामों को 25-25 लाख की लागत से मांगलिक भवन स्वीकृत करने में विधायक सफल हुए हैं। आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम कुमडावदा पहुंचकर स्वीकृत मांगलिक भवन निर्माण का भूमि पूजन किया।



इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में आपकी सरकार आपके विकास के लिए लगातार सौगात दे रही है। आपका विधायक जिसे आपने चुनकर विकास की सौगातें लाने के लिए मध्य प्रदेश की विधानसभा में भेजा है । लगातार किए जा रहे हैं प्रयासों से और आप सबके आशीर्वाद से आष्टा विधानसभा क्षेत्र को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा कई विकास की सौगातें स्वीकृत की गई है। इसी कड़ी में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के 54 ग्रामों के लिए 25-25 लाख की लागत से बनने वाले मांगलिक भावनो की भी स्वीकृति प्राप्त हुई है।

इसी के तहत आज ग्राम कुमड़ावदा में यहां के ग्रामीणों द्वारा जो सामाजिक धार्मिक या अन्य कार्यक्रमों के लिए एक स्थान की कमी महसूस की जा रही थी। अब यह कमी उक्त मांगलिक भवन के निर्माण से पूर्ण होगी। 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस मांगलिक भवन का विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने आज विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर राकेश मेवाड़ा, ओमप्रकाश धाकड़, बाबूलाल, राकेश, विष्णु परमार, गंगाराम बामनिया सहित कई ग्रामीण जन और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आहार व व्यवहार की शुद्धता सीखी है ब्रह्मकुमारी परिवार के साथः कैलाश परमार पूर्व नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की राजयोगिनी शारदा दीदी का किलेरामा में आष्टा के प्रवेश द्वार पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने कुमकुम के टीके, पुष्प माला पहना कर शाल उड़ाकर चरणों में दंडवत नमन करते हुए स्वागत कर कहा कि कि हमने आहार एवं व्यवहार कि शुद्धता ब्रह्मकुमारी परिवार से सीखी है इस अवसर पर राजयोगिनी दीदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि सर्वोच्च शक्ति ईश्वर है जो सर्वोपरि और सर्वव्यापी है उस सर्वोच्च शक्ति से बढकर कोई नहीं है हम सब उसे ही परमात्मा कहते है उसका नाम ही शिव है जो कल्याणकारी है निराकार है वे ज्ञान शांति आनंद सुख और पवित्रता के सागर है यह श्रष्टि चक्र अनादि एवं अविनाशी है वर्तमान समय कलयुग का अंत और



सतयुग का आरम्भ है दीदी ने आगे कहा कि ब्रह्मा कुमारी परिवार कि शिक्षाएं एक जीवन शैली सिखाती है जो व्यक्ति के मन विवेक स्वभाव को बेहतर बनाती है जो व्यसनों को त्याग करवा कर समाज में उपयोगी बनाता है व्यसनों के त्याग से व्यक्ति का जीवन धन्य हो जाता है।इस अवसर पर अंचल प्रमुख पंचशीला दीदी, आष्टा ब्रह्म कुमारी परिवार कि प्रमुख कुसुम दीदी, नीलिमा दीदी, रमेश पिपलोदिया, कन्हैयालाल परमार, शुभम शर्मा, मुकेश चावड़ा , सुरेन्द्र सिंह परमार एडवोकेट, वीरेंद्र सिंह परमार एडवोकेट, जसवीर सिंह, मनमोहन सिंह उपस्थित रहे।

# ग्रीन फील्ड स्कूल में लगा विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व विजय डांगी, जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के मार्गदर्शन में ऋचा जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस पर ग्रीन फील्ड स्कूल, में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। श्रीमती जैन ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस हमें याद दिलाता है कि समाज तब तक विकसित नहीं हो सकता जब तक महिलाएं सशक्त न हों। आज भी भारत के कई हिस्सों में कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह जैसी कुप्रथाएं मौजूद हैं। एक शिक्षित बेटी




पूरे परिवार और समाज को शिक्षित करती है। उक्त कार्यक्रम में डायरेक्टर धर्मेन्द्र गौतम, प्राचार्य प्रियंका गौतम, उपप्राचार्य पूजा शर्मा, शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

### सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यारंभ संस्कार संपन्न



**जावर।** ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर दरखेडा में मां सरस्वती के प्राकटयोत्सव बसंत पंचमी के अवसर पर विशेष हवन एवं विद्यारंभ संस्कार किया गया भारतीय सनातन संस्कृति के 16 संस्कारों में से एक विद्यारंभ संस्कार भी संपन्न हुआ जिसमें 12 भैया बहनों का विद्यारंभ संस्कार हुआ मुख्य यजमान निलेश गिरी रहे पंडित पंकज शर्मा के द्वारा वेद मन्त्रों का उच्चारण कर हवन एवं विद्यारंभ संस्कार संपन्न कराया गया मुख्य वक्ता सुरेन्द्र सिंह ठाकुर पूर्व जिला प्रमुख रहे इस अवसर पर प्रधानाचार्य बलवान सिंह ठाकुर, इंदर सिंह ठाकुर, मनीषा दीदी, कुमारी नीतू ठाकुर ,संयोजक जगन्नाथ सिंह ठाकुर, मातृशक्ति एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी धीरजसिंह ठाकुर ने दी।

# उलझा हुआ व्यक्ति अपनी दुर्गति की तैयारी करता हैः मुनिश्री विश्वसूर्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने दस दिवसीय निजानंद ज्ञानामृत सम्यकज्ञान साधना शिक्षण शिविर के चौथे दिन धर्मसभा को संबोधित करते हुए गहन आध्यात्मिक विचार रखे।मुनिश्री ने कहा कि व्यक्ति यह कहते हुए भ्रम में जी रहा है कि मैं करता हूं और मेरा अनादर हो रहा है। ऐसा कहकर वह अपनी आत्मा को ही खराब कर रहा है और अपनी दुर्गति की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति इस पृथ्वी पर आया था, तब वह जन्म देने वाली माता को भी नहीं पहचानता था, लेकिन आज वह स्वयं को ही भूल गया है और पर-पदार्थों में उलझा हुआ है।

स्थिति यह है कि मां को भी कहना पड़ रहा है कि बेटा, तुम हमारे हो।मुनिश्री ने वर्तमान समाज पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज व्यक्ति मन और धन का कर्ता बनकर पूरी जिंदगी उसी में निकाल देता है। वह स्वयं की चिंता नहीं करता, बल्कि बच्चों, परिवार और पर के लिए ही जीवन खपा देता है। आत्मकल्याण की ओर उसका ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि जब जीव नरक में था, तब वह प्रभु से प्रार्थना करता था कि एक बार मुझे यहां से निकाल दो, मनुष्य भव मिल जाए तो फिर कभी ऐसा नहीं करूंगा, लेकिन मनुष्य पर्याय मिलने के बाद भी उसने इसे पर-पदार्थों में ही नष्ट कर दिया।मुनिश्री ने कर्म सिद्धांत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्मा पर-पदार्थों की कर्ता नहीं है। चेतन और पुद्गल के भेद को समझना आवश्यक है। आपके भावों की परिणति के कारण ही आप मनुष्य भव में बैठे हैं। यह जीव शुद्ध भावों का कर्ता है। यदि व्यक्ति पर-द्रव्यों का कर्ता बनने लगे तो कर्म सिद्धांत का कोई महत्व नहीं रह जाएगा।

यदि कर्म नहीं होते, तो संसार में सुख-दुख दिखाई ही नहीं देता।उन्होंने कहा कि आज व्यक्ति कर्मों को भूलकर दूसरों का कर्ता बनने लगा है। यह पंचम काल है, अब व्यक्ति को सोचना चाहिए कि वह अपना भला कब करेगा। मनुष्य पर्याय ही ऐसी है, जिसमें आत्मा को परमात्मा बनाया जा सकता है, अन्य किसी पर्याय में नहीं। अंत में उन्होंने कहा कि यदि अपनी आत्मा का भला और कल्याण चाहते हो, तो धर्म की छाया में आकर आत्म कल्याण का मार्ग अपनाओ, क्योंकि तीनों काल में इससे श्रेष्ठ कुछ भी नहीं है।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय संस्था शांति सरोवर तक बनेगा मार्ग

# विधायक और नपाध्यक्ष ने किया निर्माण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगरपालिका द्वारा जहां नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखकर निर्माण व विकास कार्य किया जा रहा है, वहीं धार्मिक स्थलों पर भी सुविधाएं मुहैया की जा रही है। इसी कड़ी में आज सेमनरी रोड़ स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय संस्था शांति सरोवर तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। सीसी रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन माउनटाबू ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रमुख शारदा दीदी, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, वार्ड पार्षद रवि शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, भाजपा नेतागणों द्वारा किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि नगर सहित आष्टा अंचल में निर्माण कार्यो का सिलसिला लगातार जारी है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार जहां गरीब नागरिकों को बल देने के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं बनाकर उन्हें लाभान्वित कर रही है, वहीं तीव्र गति से



विकास कार्य भी करा रही है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि लंबे अर्से से स्थानीय आश्रम की संचालिका कुसुम दीदी द्वारा सीसी मार्ग की मांग की जा रही थी, जिसे नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा की दृढ़ इच्छाशक्ति व परिषद के सहयोग से आज पूर्ण हुई है। नगरपालिका द्वारा आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ धार्मिक स्थलों पर भी सुविधाएं जुटाने का काम किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि नगर की धरोहर खेड़ापति मंदिर पर गत माह ही प्रकाश व्यवस्था के लिए हाई मास्ट लाईट स्थापित की गई, वहीं कमल तालाब व काला तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में जीवन दायिनी मां पार्वती नदी के सौंदर्यीकरण हेतु घाट का व्यवस्थित निर्माण कार्य जारी है। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम, भाजपा वरिष्ठ नेता नगीनचंद्र जैन, प्रदीप धाड़ीवाल, भाजपा जिला महामंत्री तारा कटारिया, भाजपा जिला उपाध्यक्षद्वय धारासिंह पटेल, रूपेश राठौर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, हिउस अध्यक्ष नारायण भूरू मुकाती, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद तेजपाल मुकाती, डॉ. सलीम खान, अरशद अली, गिरजा कुशवाह, वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती, मनोहर भोजवानी, सुरेश परमार, युमो नगर अध्यक्ष मनीष धारवां, नीलेश खंडेलवाल, बसंत पाठक, पवन वर्मा, जुगलकिशोर मालवीय, पूर्व नपाध्यक्षद्वय कैलाश परमार, डॉ. मीना सिंगी, अनिल धनगर, भगवत मेवाड़ा, आनंद गोस्वामी, प्रदीप राठौर, शिवनारायण मेवाड़ा, दूलीचंद कुशवाह, चंदा वोहरा, भगवती सोनी, मंजू राठौर, संगीता शर्मा, संगीता सोनी, सहायक यंत्री आकाश गुयतर, उपयंत्री अनिल धुर्वे, सतीश मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में शांति सरोवर के सदस्यगण मौजूद थे। संचालन कुशलपाल लाला ने किया तथा आभार पार्षद रवि शर्मा ने व्यक्त किया।